## संस्कृति विभाग
### मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ 4-1/2023/30/सं.— नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 13 जुलाई 2023

### हबीब तनवीर सम्मान

**प्रस्तावना :—** छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म के क्षेत्र में उपलब्धि तथा दीर्घ साधना को सम्मानित करने और इनमें कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय सम्मान की स्थापना की है. इस पुनीत कार्य में व्यक्तियों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति को "हबीब तनवीर सम्मान" देने का निर्णय लिया है.

इस सम्मान के विनियमन एवं प्रक्रिया निर्धारण हेतु निम्नानुसार नियम बनाये जाते है —

1. **संक्षिप्त नाम :—**
   1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम "हबीब तनवीर सम्मान नियम-2023" है.
   2) ये नियम सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील होंगे.

2. **परिभाषा :—** इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—
   अ. "व्यक्ति" से तात्पर्य एक व्यक्ति से है.
   ब. "निर्णायक मंडल" से अभिप्राय इन नियमों के नियम-4 के अंतर्गत गठन किये जाने वाले निर्णायक मंडल (जूरी) से है.

3. **सम्मान का स्वरूप :—** छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को प्रतिवर्ष "हबीब तनवीर सम्मान" राशि रुपये 1 लाख (रुपये एक लाख) नगद एवं प्रशस्ति पत्र के रूप में दी जायेगी. सम्मान, छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति (छत्तीसगढ़ मूल निवासी) को प्रत्येक वर्ष राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर दिया जाएगा.

4. **निर्णायक मंडल का गठन :—** राज्य शासन, छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म क्षेत्र के प्रतिष्ठित कला मर्मज्ञों का एक निर्णायक मंडल (जूरी), जो अधिकतम पांच सदस्यीय होगी, का गठन करेगा :—
   1. कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ अथवा उनके द्वारा मनोनित सदस्य (उक्त विधा का प्राध्यापक)
   2. अन्य चार प्रतिष्ठित कला मर्मज्ञ छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद् के अंतर्गत — सदस्य
      (1) कला अकादमी के अध्यक्ष
      (2) कला अकादमी के सदस्य
      (3) उप संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा
      (4) प्रतिष्ठित रंगकर्मी

5. **निर्णायक मण्डल की शक्तियाँ :—**
   (1) निर्णायक मण्डल की अनुशंसा पर अंतिम रूप से चयनित एक व्यक्ति की घोषणा राज्य शासन द्वारा की जाएगी.
   (2) सम्मान के चयन के संबंध में कोई आपत्ति अथवा अपील स्वीकार नहीं की जावेगी.
   (3) संबंधित सम्मान वर्ष के लिए प्राप्त प्रविष्टियों के अलावा निर्णायक मंडल (जूरी) स्वविवेक से ऐसे व्यक्तियों के नाम पर विचार कर सकेगा, जिन्हें वह सम्मान के उद्देश्यों के अनुरूप पाए.
   (4) प्रत्येक वर्ष के सम्मान के लिए एक व्यक्ति का चयन होगा.
   (5) निर्णायक मंडल (जूरी) की बैठक की सम्पूर्ण कार्यवाही गोपनीय रहेगी एवं उसके द्वारा सर्वानुमति से की गई लिखित अनुशंसा के अलावा बैठक के दौरान हुए विचार-विमर्श का कोई लिखित अभिलेख नहीं रखा जावेगा.

